समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# IPL को टक्कर देने आ रही 34 अरब की T20 लीग, भारत और इंग्लैडं ने जताई कड़ी आपत्ति।

Publisher Published on 26 Jun 2025




## BCCI और ECB ने खिलाड़ियों को NOC न देने का फैसला किया, ऑस्ट्रेलिया ने दिखाया समर्थन, सऊदी अरब की ग्रैडं-स्लैम जैसी टी20 लीग से बढ़ी टेशंन।

**नई दिल्ली, 26 जून 2025: क्रिकेट की दुनिया** में एक **नई क्रांति या टकराव** की शुरुआत होने वाली है। **सऊदी अरब** ने लगभग **34 अरब रुपये (400 मिलियन डॉलर)** की भारी-भरकम लागत से एक **नई ग्लोबल टी20 सुपर-लीग** की योजना बनाई है, जिससे **IPL** और **द हंड्रेड** जैसी पहले से स्थापित लीगों को तगड़ा झटका लग सकता है।

इस प्रस्तावित लीग को लेकर **भारत** और **इंग्लैडं** ने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है, वहीं **ऑस्ट्रेलिया** ने इस लीग में साझेदारी के संकेत दिए हैं।

**क्या है इस नई टी20 लीग का पूरा प्लान ?**
**SRJ Sports Investments** नामक कंपनी इस **नई इंटरनेशनल टी20 लीग** को लॉन्च करने जा रही है, जिसमें:
१. **कुल 8 टीमे होंगी**
२. **हर साल चार प्रमुख टूर्नामेटं अलग-अलग स्थानों पर खेले जाएंगे**
३. **टेनिस ग्रैडं स्लैम की तर्ज पर इसका फॉर्मेट होगा**
४. **कुल निवेश : 400 मिलियन डॉलर (₹3442 करोड़ रुपये)**
५. इस लीग में **भारी प्राइज मनी** और **ग्लोबल ब्रॉडकास्टिंग मॉडल** होगा, जिससे यह **दुनिया की सबसे महंगी टी20 लीग** बन

सकती है।

**भारत और इंग्लैडं का विरोध**

'**द गार्जियन**' की रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में लॉड्र्स में **वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल** के दौरान **BCCI** और **ECB** के शीर्ष अधिकारियों के बीच बातचीत हुई, जिसमें यह तय किया गया कि:

१. **भारतीय और इंग्लिश खिलाड़ियों को NOC नहीं दिया जाएगा**

२. **ICC पर दबाव बनाया जाएगा कि वह इस लीग को अधिकारिक मान्यता न दे**

३. **इस लीग से मौजूदा क्रिकेट ढांचे को कमज़ोर करने की कोशिश मानी जा रही है**

४. **BCCI** और **ECB** को इस बात की चिंता है कि इतनी मोटी कमाई वाली लीग, खिलाड़ियों को **अपने देश की लीगों** और **इंटरनेशनल क्रिकेट** से दूर कर सकती है।

**ऑस्ट्रेलिया का अलग रुख**

जहां भारत और इंग्लैंड इस प्रस्तावित लीग का विरोध कर रहे हैं, वहीं **क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (CA)** इस लीग में **सऊदी निवेशकों** के साथ साझेदारी के लिए तैयार है।

ऑस्ट्रेलिया इस लीग को एक अवसर मान रहा है, जिससे वे प्राइवेट निवेश के ज़रिए क्रिकेट में नया **बिजनेस मॉडल विकसित** कर सकें। अभी तक **Big Bash League (BBL)** पूरी तरह **सरकारी गवर्निंग बॉडी** और **राज्य संघों** के तहत संचालित होती है।

**IPL और द हंड्रेड पर असर तय**

सऊदी अरब की लीग के लॉन्च होते ही:

१. **IPL को टॉप खिलाड़ियों की उपलब्धता मे परेशानी हो सकती है**

२. **द हंड्रेड जैसे छोटे फॉर्मेट पर भी दर्शकों और ब्रॉडकास्टर्स का ध्यान हट सकता है**

३. **इंटरनेशनल क्रिकेट के कैलेडंर पर कॉमर्शियल दबाव बढ़ जाएगा**

४. ऐसे में यह लीग **केवल एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि क्रिकेट के पारंपरिक ढांचे के लिए चुनौती बनकर** सामने आ सकती है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.